# अहिंसा परमो धर्म | By Sunil Sarvottam |

जियो और जीने दो ऐसे करो करम
अहिंसा परमो धर्म

नहीं सताना किसी जीव को
तन मन और वाणी से
प्रेम भाव और दया भावना
रखना हर प्राणी से
वैसा ही फल पाओगे तुम
जैसा करोगे करम
अहिंसा परमो धर्म

सत्य मार्ग पर चलो हमेशा
नेक वाले काम करो
कोई तुमको बुरा कहे ना
जग में ऐसा नाम करो
सबसे ऊँचा है दुनिया में
मानवता का धरम
अहिंसा परमो धर्म

जियो और जीने दो ऐसे करो करम
अहिंसा परमो धर्म

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%85%e0%a4%b9%e0%a4%bf%e0%a4%82%e0%a4%b8%e0%a4%be-%e0%a4%aa%e0%a4%b0%e0%a4%ae%e0%a5%8b-%e0%a4%a7%e0%a4%b0%e0%a5%8d%e0%a4%ae-by-sunil-sarvottam/